हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

11 बीमा कंपनी और अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप



12 पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली व निशानदेही से जनता को...



## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान स्वर्णो बाई उर्फ बिल्ली पत्नी जसवंत सिंह निवासी पीरावाली, जिला हिसार वर्तमान निवासी हनुमान मंदिर, अग्रवाल कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### सेवा भारती आज करेगी 108 कंजकों की पूजा

**फतेहाबाद।** मंगलवार को मनाई जा रही शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन सेवा भारती संस्था द्वारा 108 कंजक पूजन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्था के संरक्षक हीरालाल गुप्ता ने बताया कि सेवा भारती संस्था द्वारा पिछले काफी वर्षों से हर वर्ष नवरात्रि के उपलक्ष्य में कंजक पूजन किया जाता है। इस दौरान 108 कन्याओं की विधिवत पूजा कर उन्हे भोजन करवाया जाता है और उपहार दिया जाता है।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक युवक पर हमला करने के मामले में भूना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान अंकुश उर्फ मिड्डा पुत्र दरबार सिंह निवासी जांडली कलां और हरिकिशन उर्फ टका पुत्र संदीप निवासी घोड़ा फार्म रोड, फतेहाबाद कॉलोनी, हिसार के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 26 सितम्बर की रात चिराग और उसका साथी रामभगत उर्फ घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनपर हमला कर दिया।

### अफीम तस्करी मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए एक युवक मनजीत कुमार उर्फ हैदर पुत्र हवा सिंह निवासी ढाणी डुल्ट, थाना भुना को काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दिनांक 28 सितम्बर को गश्त व अपराध पड़ताल के दौरान पुलिस टीम ढाणी डुल्ट क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे शक के आधार पर काबू कर लिया गया।


### बच्चों ने कला उत्सव में किया शानदार प्रदर्शन

**सिरसा।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत विवेकानंद बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोधकां के विद्यार्थियों ने संगीत और कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रिंसिपल मूलचंद बंसल ने बताया कि इस उत्सव में अजय और उनकी टीम ने ग्रुप आर्केस्ट्रा प्रतियोगिता में दमदार प्रस्तुति दी।

---

### 33 केवी सब स्टेशन में हुआ ब्रेक डाउन, पावर हाऊस ओवरलोड

# 220 केवी सब स्टेशन की मेन लाइन पर जम्पर टूटा, पूरे शहर में बिजली बाधित








**फतेहाबाद।** बिजली निगम का जम्पर, बिजली डिमांड बढने से ओवरलोड हुई मशीनरी व 33केवी सब स्टेशन *फोटो: हरिभूमि*

**सोमवार को इस सीजन के सबसे ज्यादा बिजली के कट लगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से रिकार्ड तोड़ उमस व तपती गर्मी से बेहाल लोगों का बिजली कटौती ने जीना मुहाल कर रखा है। तीन दिन से यहां बिजली के इतने कट लग रहे हैं कि लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। उमस के कारण बिजली की डिमांड में दोगुणा वृद्धि हो गई है। यही कारण है कि बिजली निगम के पावर हाऊस ओवरलोड हो गए हैं और ऐसा 4 घंटे नहीं बीतते कि कहीं न कहीं फाल्ट आ जाता है। सोमवार को इस सीजन के सबसे ज्यादा बिजली कट लगे। दरअसल भट्टू रोड पर 220 केवी से 33 केवी सब स्टेशन में आने वाली मेन लाइन का जम्पर टूट गया जिस कारण 33केवी सब स्टेशन में ब्रेक डाउन हो गया और भरी दोपहरी में पूरे शहर में 12 बजे से 3:25 तक बिजली गुल रही। इससे पूर्व बिजली के परमिट व कटों ने भी लोगों को बेहाल रखा। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भादो माह में इस बार तपिश के साथ भीषण लू पड़ रही है। पिछले दिनों पश्चिमी हवाएं चलने से लू में वृद्धि हुई। इन दिनों यहां वातावरण में 82 फीसदी तक नमी है। सुबह उठते ही लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। पहले बारिश से लोग दुःखी रहे। बाद में मानसून की वापसी से तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया, जोकि भादो मास में अपने आप में रिकार्ड है।

**उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में आएगी गिरावट**

*अरबसागर में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से हवाओं में बदलाव की संभावना से हरियाणा में मौसम आमतौर पर 3 अक्टूबर तक परिवर्तनशील रहने तथा बीच बीच में आंशिक बादल रहने की संभावना है। इस दौरान अरब सागर से नमी वाली हवाएं आने से राज्य के विशेषकर दक्षिणी जिलों रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, मेवात, पलवल, गुरुग्राम, फरीदाबाद व आसपास के क्षेत्रों में आजकुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। 3 अक्टूबर तक राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बदलाव तथा उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से दिन व रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है।*

*-डॉ मदन खीचड़ विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, एचएयू हिसार*

**पिछले सप्ताह सब स्टेशन की बढ़ाई क्षमता**

बता दें कि पिछले सप्ताह ही 33 केवी सब स्टेशन की क्षमता 15 एमवीए से बढ़ाकर 25 एमवीए की गई है। उसके बाद ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं। सोमवार दिन मंट 12 बजे 220 केवी सब स्टेशन से 33 केवी सब स्टेशन में आने वाली मुख्य लाइन में जम्पर टूट गया, जिस कारण 220 केवी व 132 केवी से बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। 33 केवी स्टेशन में ब्रेक डाउन हो गया और पूरे शहर में बिजली सप्लाई ठप्प हो गई। बिजली कटौती से लोग त्राहि-त्राहि कर उठे। पसीने से तर-बतर लोगों का बुरा हाल दिखा।

---

### दो कनाल जमीन को लेकर था विवाद

# जमीनी विवाद के चलते चचेरे भाई की हत्या

- मृतक के बेटे की शिकायत पर तीन महिलाओं सहित पांच पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

क्षेत्र के गांव किरढ़ान में दो कनाल जमीन को लेकर चल रहे विवाद में दो युवकों द्वारा अपने चचेरे भाई की हत्या करने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह दोनों पक्षों में पहले जमकर झगड़ा हुआ। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के 55 वर्षीय सतपाल को धक्का दे दिया जिससे वह जमीन पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भट्टूकलां पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भिजवा दिया है। मृतक के बेटे बलवंत की शिकायत पर तीन महिलाओं समेत पांच लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव किरढ़ान निवासी सतपाल तरड़ और उसके चचेरे भाई धर्मपाल व सुरेश कुमार ढाणियों में अलग-अलग मकान में नजदीक ही रहते हैं। इनके पिता के सात भाई थे। सभी के साढ़े चार एकड़ जमीन हिस्से आती है। सतपाल का धर्मपाल व सुरेश कुमार के साथ दो कनाल जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

**तीन साल पहले किया था कोर्ट केस**

राजेश ने बताया कि इस जमीन के विवाद को लेकर तीन साल पहले तहसीलदार की कोर्ट में केस भी दाखिल किया गया था। अभी एक महीने पहले ही तहसीलदार ने केस को खारिज कर दिया था। इसलिए ही अब सतपाल के परिवार ने मकान बनाने की सोची थी। इस मामले में भट्टू पुलिस ने मृतक के बेटे बलवंत की शिकायत पर आरोपी धर्मपाल, उसके छोटे भाई सुरेश कुमार, उनकी मां ब्रह्मा देवी, धर्मपाल की पत्नी प्रवीण रानी, सुरेश की पत्नी सुशीला के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**काहसुनी से हुई शुरुआत**

दोनों पक्ष इस जमीन को अपना-अपना हक जताते थे। बताया जाता है कि इस जमीन को लेकर सोमवार सुबह दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक जा पहुंचा। इसी दौरान धर्मपाल व सुरेश कुमार ने सतपाल को धक्का दे मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गया। उसे गंभीर हालत में परिजन अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। भट्टू कलां थाना से पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, सतपाल इन दिनों मकान बनाना चाह रहे थे। वह इस विवादित जगह पर निर्माण करना चाह रहे थे। मगर धर्मपाल और सुरेश कुमार उनको रोक रहे थे। इसी कारण विवाद और बढ़ गया था।

---

## हरियाणा विद्यालय शिक्षक संघ का प्रदर्शन आज

- पुरानी पेंशन को सर्वे के आधार पर फिर से लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की सिरसा इकाई द्वारा 30 सितंबर को अपनी मांगों को लेकर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। इस सिलसिले में संघ के जिला प्रेस प्रवक्ता विनोद कासनिया ने बताया कि 30 सितंबर को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।



**सिरसा।** बैठक करते अध्यापक संघ के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

**मांगी गई प्रमुख मांगें**

संघ जिन मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करेगा उनमें मुख्य रूप से ऑनलाइन डायरी लेखन जैसे बेतुके फरमान को वापिस लेने, जल्द से जल्द शिक्षा मंत्री अपने वायदे मुताबिक शिक्षकों के ट्रांसफर ड्राइव को सभी स्वीकृत पदों को खुलकर अतिथि अध्यापकों को नियमित शिक्षकों साथ शामिल करते हुए ये ट्रांसफर ड्राइव अक्तूबर माह में पूरा करके नए स्टेशनों पर कार्य ग्रहण करवाए जाएं ताकि हर बच्चे को हर विषय का अध्यापक मिल सके। पुरानी पेंशन को सर्वे के आधार पर फिर से लागू किया जाए

---

## तोड़फोड़ के विरोध में बंद रहे टोहाना के बाजार

- सरकार को आदेश देना चाहिए कि त्योहार के दिनों मतोड़-फोड़ नहीं होनी चाहिए: बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

अतिक्रमण हटाने के नाम पर टोहाना में बिना बताएं काठ मंडी व अन्य बाजारों में की गई तोडफ़ोड़ के विरोध में व्यापार मंडल के आह्वान पर टोहाना बंद सफल रहा। नगर परिषद की ज्यादतियों के खिलाफ टोहाना के दुकानदारों ने अपनी दुकानों को पूरी तरह से बंद रखा और रोष जताया। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि प्रशासन की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।



**टोहाना।** दुकानदारों को संबोधित करते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

**तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

बजरंग गर्ग ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा त्योहार के दिनों में दुकानों में तोड़-फोड़ करना सरासर गलत है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर परिषद भष्टाचार का अड्डा है, जहां बिना सेवा शुल्क के काम कोई नहीं होता। सरकार को जिला प्रशासन को आदेश देना चाहिए कि त्योहार के दिनों किसी प्रकार की तोड़-फोड़ नहीं होनी चाहिए ताकि व्यापारी व उपभोक्ता को बजारों में किसी प्रकार की दिक्कत ना आएं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र ठकराल, व्यापार मंडल मनु सिंगला, संरक्षक रमेश गोयल, पार्षद रामकुमार सैनी, पार्षद जोनी मेहता, पार्षद संजय सपड़ा, पार्षद अशोक गर्ग, प्रदेश प्रवक्ता पवन वधवा, शंकर बबेजा, सुशील जैन, राजीव गोयल, अशोक मेहता, डॉ भारती वधवा, पवन गिरधर, सुरेंद्र जैन, गौरव पाहवा, वलका सैनी, हरीश गर्ग, विजेंद्र गर्ग, काका सैनी, अशोक गर्ग, सुरेंद्र सेठी,कृष्ण बंसल, नरेश बंसल, सैनी सभा प्रधान महेंद्र सैनी,ओकार गर्ग, रविंद्र मेहता,भूषण बंसल,हरि सिंह बेरिया, रवि ठकराल, दिनेश खुराना, रविंद्र कुमार आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

---

## चोरीशुदा बाइक सहित दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान अजय उर्फ अज्जू पुत्र नरेश निवासी गांव खापड़, तहसील नरवाना और विकास उर्फ जानी पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी गांव कलवां, तहसील नरवाना के रूप में हुई है। आरोपियों से एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की गई है। 22 सितम्बर को ईशान भाटिया निवासी भाटिया नगर, टोहाना ने पुलिस को शिकायत दी थी।



**टोहाना।** चोरीशुदा बाईक सहित गिरफ्तार युवक। *फोटो: हरिभूमि*

---

## त्योहारों पर सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

- पुलिस अधीक्षक ने फतेहाबाद के बाजारों का किया निरीक्षण


हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सोमवार को फतेहाबाद शहर के बाजारों का निरीक्षण कर त्यौहारी सीजन में किए गए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। एसपी जैन ने जवाहर चौक से शहर का पैदल भ्रमण करते हुए आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया और सुरक्षा व्यवस्था का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा नागरिकों की समस्याओं की वास्तविक स्थिति को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शहर भ्रमण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना शहर फतेहाबाद का औचक निरीक्षण भी किया।



**फतेहाबाद।** शहर का पैदल निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो: हरिभूमि*

---




## 37 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

**सिरसा।** रोटरी क्लब सिरसा न्यू जेन द्वारा रोटरी इंटरनेशनल द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर 37 लोगों ने रक्तदान किया। आयुज्योति महाविद्यालय के महासचिव राजीव अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं और रोटरी जैसी संस्थाएं जब इस प्रकार के आयोजन करती हैं तो समाज को नई दिशा मिलती है। ब्लड सेंटर की मेडिकल अफसर डॉ. सुचिता ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। रोटरी क्लब न्यू जेन के अध्यक्ष राहुल सुधा ने कहा कि महाविद्यालय रोटरी क्लब के सहयोग से भविष्य में भी ऐसे मानवीय एवं जनहितकारी कार्य निरंतर करता रहेगा।

---

### डिजिटल हथियारबंदी नहीं चलेगी, सोशल मीडिया पर अपराध की नौटंकी अब पड़ेगी भारी: एसपी

# चेतावनी: अपराध को ग्लैमर दिखाने की कोशिश पर होगी कानूनी कार्रवाई

**आपत्तिजनक खातों से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपराध के प्रचार-प्रसार को रोकने के लिए सख्त मोर्चा खोल दिया है। कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हथियारों के साथ वीडियो डालकर खुद को डॉन या गैंगस्टर के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति कानून और समाज दोनों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। फतेहाबाद पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि अगर सोशल मीडिया पर हथियार लहराओगे, तो क़ानून की आहट सुनने को जरूर मिलेगी। पुलिस द्वारा आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) के तहत अब तक 256 आपराधिक सोशल मीडिया अकाउंट्स को डिएक्टिवेट/रिपोर्ट कराया गया है। इन खातों को फॉलो कर रहे 596 युवाओं की पहचान कर उनसे व्यक्तिगत रूप से संवाद किया गया। उन्हें लिखित चेतावनी दी गई और भविष्य में ऐसे आपत्तिजनक खातों से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



एसपी सिद्धांत जैन।

**बच्चों के सोशल मीडिया व्यवहार पर रखें नजर**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो कोई भी सोशल मीडिया पर अपराध, हिंसा या गैंग कल्चर को बढ़ावा देगा, उसके विरुद्ध आईटी एक्ट, साइबर कानून और बीएनएस/आईपीएस की धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। हर संदिग्ध डिजिटल गतिविधि की डिजिटल फॉरेंसिक जांच जारी है और कानून से बच पाना असंभव होगा। एसपी ने अभिभावकों से निवेदन किया कि वह बच्चों के सोशल मीडिया व्यवहार पर सतर्क नजर रखें और उनके साथ संवाद करते रहें। युवाओं से आग्रह करते हुए एसपी ने कहा कि किसी भी वीडियो, स्टेटस या पोस्ट को लाइक/शेयर करने से पहले सोचें। एसपी ने नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध सोशल मीडिया गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या साइबर सेल को दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

---

## 'एक मां-एक पौधा' से जोड़ा हरियाली का संकल्प

- फतेहाबाद पुलिस की परेड, पुलिस अधीक्षक ने ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस लाइन परिसर सोमवार को जिला पुलिस द्वारा साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर पुलिस बल के जवानों ने अनुशासित एवं संगठित ढंग से कदमताल करते हुए शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता, अनुशासन और प्रशिक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक के आगमन पर उन्हें संपूर्ण सैन्य सम्मान के साथ 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया। तत्पश्चात एसपी ने परेड ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए जवानों की सजगता, अनुशासन और एकरूपता की मुक्तकंठ से सराहना की।



**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन में पौधारोपण करते एसपी सिद्धांत जैन।

**पुलिस का अनुशासन ही उसकी पहचान**


एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस बल का अनुशासन उसकी सबसे बड़ी पहचान है। ऐसी परेड न केवल हमारे प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाती हैं, बल्कि जवानों के मनोबल, कर्तव्यनिष्ठा और संगठित शक्ति का प्रमाण भी होती हैं। उन्होंने परेड में भाग लेने वाले सभी पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास, सम्मान और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। परेड के उपरांत सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने 'एक माँ एक पौधा' अभियान की शुरुआत की।





विशेष: विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



# समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भाव:** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



### सम्मान और मर्यादित बर्ताव

**रावण के** अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेश:** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।

**स्त्रियों का साथ दे समाज:** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।




# बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।

परवरिश

सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएं:** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएं:** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीके:** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।

---

फिटनेस फंडा

सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।


# जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस

मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।

**फिटनेस है जरूरी:** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियल:** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और



समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।

**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरी:** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।



**डाइट प्लान:** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलो:** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिट:** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यास:** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच



मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

---

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

# परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।

**अपनों के साथ को तरसते:** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।



**बदलती जीवनशैली का प्रभाव:** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरण:** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्व:** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

### समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण कमेटी ने मामलों का किया निपटान

**ओढ़ा।** डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने ओढ़ा थाना में पुलिस कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस कर्मचारियों सहित रिटायर्ड पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल रहें। थाना ओढ़ा में आयोजित कष्ट निवारण कमेटी की घरेलू कलह व लड़ाई झगड़े की शिकायतों का समाधान किया गया।

### युवक लापता, नहर के पास मिली बाइक

**डबवाली।** उपमंडल के गांव बिज्जूवाली से एक युवक लापता हो गया है। युवक की मोटरसाइकिल जंडवाला नहर के पास मिली है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामलादर्ज कर उसकी तलाश शुरू कद दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बिज्जूवाली निवासी विजय कुमार ने बताया कि उनका बेटा सुनील कुमार शनिवार दोपहर करीब 3 बजे से लापता है। उन्होंने बताया कि सुनील दूध लाने के लिए घर से निकला था, लेकिन तब से उसकी कोई खबर नहीं है।

### भजनों पर नाचने को मजबूर हुए श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** लाजपत नगर में दुर्गा उत्सव के अवसर पर आयोजित माँ दुर्गा उत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में वीना गिल्होत्रा ने ज्योति प्रजालित करके पूजा की। भजन गायक भारत टुटेजा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद वंश मुटरेजा ने अपने भजनों में माँ की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने बताया कि हम कभी भी अपनी माँ का कर्जा न्ही उतार सकते। उसके बाद भारत टूटेजा ने माता रानी की सुन्दर सुन्दर भजन आजा माँ तुझे दिल नेप पुकारा, पार करो मेरा बेड़ा भवानी, राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, बिन पिये नशा हो जाता है आदि भजनो के साथ सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### नालसा-हालसा स्कीमों के प्रति किया जाएगा जागरूक

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

**सिरसा।** शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल के खिलाडि़यों ने संगरूर में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-19 इंडियन राउंड में लक्की, चंचल, कमलप्रीत कौर और सुखदीप की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का मान बढ़ाया। इसी प्रकार अंडर-19 रिकर्व राउंड में सनमीत, सृष्टि और दिलशान की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। साथ ही सनमीत ने व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी व्यक्तिगत उत्कृष्टता साबित की। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनियां ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### डिंग थाना में लगाया रक्तदान शिविर

**सिरसा।** डिंग थाना परिसर में सोमवार को सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान के महत्व को समझाते हुए समाज में जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने रक्तदान कर की। उनके साथ पतली डाबर के सरपंच लखविंद्र सिंह और मौजूखेड़ा के सरपंच हरपाल सिंह ने भी रक्तदान कर समाजसेवा में अपनी भागीदारी निभाई। कैंप में शामिल डॉक्टरों और ब्लड सेंटर की टीम ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

## फसल बीमा योजना में गड़बड़ी को लेकर डीसी से मिले सैंकड़ों ग्रामीण

# बीमा कंपनी और अधिकारियों पर लगाए मिलीभगत के आरोप

### तीन दिन के अंदर जांच नहीं हुई तो तहसील कार्यालय पर जड़ेंगे ताला



**फतेहाबाद।** डीसी से मिलने आए ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में की जा रही गड़बड़ी को लेकर सोमवार को ग्राम पंचायत ढाण्ड व भट्टूकलां के कई सरपंच सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ उपायुक्त डॉ. विवेक भारती से मिले और फसल बीमा योजना की जांच करवाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सरपंच चन्द्रमोहन पोटलिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तीन दिन में प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो किसान व सरपंच भट्टू तहसील कार्यालय पर ताला जड़ देंगे। हैरानी की बात यह है कि ज्ञापन देते समय भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा भी मौके पर मौजूद थे। दरअसल दोनों नेता एक कार्यक्रम के सिलसिले में लघु सचिवालय आए हुए थे।

#### फसलों के नुकसान की भरपाई करें सरकार

ग्रामीणों ने डीसी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि इस बार भारी बारिश के चलते नरमा व अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। सरकार ने किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला लेकिन फतेहाबाद जिले की बीमा कम्पनी व कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों ने मिलीभगत करके किसानों के साथ धोखा किया और उन्हें मुआवजे से वंचित करना चाहते हैं। किसानों ने बताया कि बीते वर्ष भी बीमा कम्पनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गांव सुलीखेड़ा, ढिंगसरा, ढाबी कलां में झूठी आपत्ति लगाकर क्लेम राशि में क्लेम को कम दिखा दिया। अब बीमा कम्पनी व कृषि विभाग के अधिकारी इसी प्रकार फिर से गोलमाल करने के चक्कर में हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कम्पनी के साथ मिलकर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई तो उसमें काफी गड़बड़ी पाई गई।

#### झूठी रिपोर्ट दिखाकर आपत्ति लगाई

आसपास के गांवों में नरमा की फसल में ज्यादा नुकसान हुआ है लेकिन कर्मचारियों ने यहां झूठी रिपोर्ट दिखाकर आपत्ति लगा दी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों का आचरण लग रहा है कि वह किसानों को मुआवजा नहीं दिलवाना चाहते और कम्पनी का फायदा चाहते है। यही कारण है कि 25 सितंबर को ढाण्ड के सरपंच के खिलाफ मारपीट का झूठा केस दर्ज करवाया गया। सरपंच खराब नरमे की फसल पर कृषि अधिकारियों को टोक रहा था। यह बात अधिकारियों को नागवार गुजरी और उन्होंने सरपंच पर झूठे आरोप लगा दिए। किसानों ने कहा कि अब 100 फीसदी फसलें कट चुकी हैं। अधिकारी क्लेम से वंचित करके कम्पनी का फायदा करना चाहते हैं। उन्होंने डीसी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया उत्साह



**भूना।** धौलू में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

- विद्यालय प्राचार्य विजेंद्र सिंह साहु के कार्यक्रम का किया नेतृत्व

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पस्तावित सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्राचार्य विजेंद्र सिंह साहु के नेतृत्व में किया गया, जबकि नोडल अधिकारी प्रवक्ता भीम सिंह इसकी अध्यक्षता में रहे। विद्यालय इंचार्ज अमनप्रीत कौर व समस्त स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

#### कार्यक्रम में दिया संदेश

इसमें विद्यालय, खंड एवं जिला स्तर पर हैल्थ चेकअप कैंप, वोकेशनल विषयों पर परिचर्चा, स्वच्छता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक और प्रभात फेरी के माध्यम से स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया गया। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बाल संसद कार्यक्रम में बच्चों ने लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को जाना। वहीं, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों की सैर कर छात्रों को ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी दी गई।

# सफाई कर्मचारी मिलकर करेंगे आंदोलन

- संयुक्त कन्वेंशन नरेश राणा की अध्यक्षता में हुई
- शहरी सफाई कर्मियों को 27000 रुपये वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ग्रामीण और शहरी सफाई कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगो को लेकर एकजुट होकर संयुक्त तौर पर निर्णायक आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है।

इसको लेकर ग्रामीण और शहरी सफाई कर्मचारियों की संयुक्त कन्वेंशन नरेश राणा की अध्यक्षता में हुई। कन्वेंशन 5 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती मनाते हुए आंदोलन को तेज करने का फैसला हुआ। मीटिंग में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार, जिला सचिव हरपाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह एवं बेगराज, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला सचिव विजय ढाका, वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश लोट, सत्यवान एवं सीटू के जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा आदि मौजूद रहे।

#### बीते 11 साल में सरकार ने एक भी पक्की भर्ती नहीं की

अलग-अलग सरकारी विभागों में 20-20 साल से कच्चे सफाई कर्मचारी और सिवरमैन काम करते हैं लेकिन उनको आज तक पक्का नहीं किया गया। बीते 11 साल में भाजपा की सरकार ने एक भी सफाई कर्मी और सिवरमैन की पक्की भर्ती नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारी वर्ग के साथ धोखा किया है। 24 नवम्बर 2024 को खुद मुख्यमंत्री ने जींद में घोषणा करते हुए कहा था कि ग्रामीण सफाई कर्मियो को 26000 और शहरी सफाई कर्मियों को 27000 रुपये वेतन दिया जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री ने 11 जून 2025 को अपनी जुबान से मुकरते हुए केवल 2100 रुपये बढ़ाने की घोषणा की, जो आज तक सभी सफाई कर्मियों के लिए लागू नहीं हुई है। केवल निगम रोल पर लगे कर्मियों के लिए पत्र जारी किया है। कर्मचारियों की मांग है कि सफाई कार्य में ठेका प्रथा बन्द किया जाए और 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती की जाए। सभी कच्चे सफाई कर्मियों और सिवरमैन को बिना शर्त एक कलम से पक्का किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26000 और 27000 रुपये मासिक सभी विभागों के सफाई कर्मियों और सिवरमैन के लिए लागू की जाए।

#### मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया

मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि आंदोलन कोलेकर जिला में कार्यरत सभी विभागों के कच्चे सफाई कर्मचारीयों एवं सीवर मेनो से संपर्क किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों के नेताओं ने कहा कि हरियाणा का सफाई कर्मचारी सब शोषण और उत्पीडन को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों को जमकर शोषण कर रही है और ठेकाप्रथा लागू करके ठेकेदारों की सेवा कर रही है।

# व्यापार मंडल के रोष मार्च निकालने के फैसले का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक का आयोजन

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने दशहरा पर्व पर व्यापार मंडल फतेहाबाद द्वारा रोष मार्च निकालने के फैसले का समर्थन किया है। इसको लेकर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद की मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार के तालिबानी फतवे के खिलाफ रोष प्रदर्शन में संगठन की ओर से पूरा सहयोग किया जाए। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिबदयाल वधवा व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने कहा कि फतेहाबाद के बाजारों में अतिक्रमण व सफाई अभियान के दौरान नगर परिषद अधिकारियों द्वारा दुकानदारों, रेहड़ी वालों, रिक्शा वालों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

#### प्रशासन ने गुंडागर्दी का दिया परिचय

नगर परिषद तथा फतेहाबाद प्रशासन ने गुंडागर्दी का परिचय दिया। यहां तक कि लोगों की रजिस्ट्री वाली जगह पर भी बने शैड तोड़ दिए गए। इस दमनकारी नीति व दोषपूर्ण कार्यवाही के लिए व्यापार मंडल फतेहाबाद ने 2 अक्टूबर दशहरा पर्व पर रोष मार्च निकालने का निर्णय लिया है ताकि सरकार व अधिकारियों को उनके अन्यायपूर्ण कार्य के लिए कुंभकर्णी नींद से जगाया जाए तथा पीड़ितों को उचित न्याय दिलवाया जा सके। मीटिंग में कानूनी सलाहकार राजेंद्र कुकड़ेजा, प्रदेश प्रवक्ता विनोद अरोड़ा, जिला अध्यक्ष एवं पार्षद रवि मेहता, महिला जिला अध्यक्षा राखी मक्कड़, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ आशीष वधवा, जिला महासचिव धर्मपाल चावला, जिला महिला उपाध्यक्षा डॉ. सुमन बजाज, ईश सरना, अंजू दानी, ममता रहेजा, अंजलि कामरा, कपिल खत्री, अर्जुन कटारिया, गुलशन ग्रोवर सहित काफी संख्या में अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## तहसीलदार व मार्केट कमेटी के सचिव को सौपा मांगों का ज्ञापन



**सिरसा।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए किसान नेता कुलदीप सिंह

**कालांवाली।** किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कालांवाली के नायब तहसीलदार व मार्केट कमेटी के सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने पगडी संभाल जट्टा के प्रधान कुलदीप सिंह फग्गू और भारतीय किसान एकता के प्रधान गुरदास सिंह लकड़वाली के नेतृत्व में अपना ज्ञापन सौंपा। पगडी संभाल जट्टा के प्रधान कुलदीप सिंह फग्गू ने कहा कि धान में कटोती काटने के नाम पर की जा रही लूट के अलावा खाद के नाम पर किसानों को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी खाद के लिए घंटो लाइनों में लगना पड़ रहा है परंतु इसके बावजूद भी किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। यही नहीं कालाबाजारी में डीएपी खाद उसी समय मिल जाती है और दुकानदार किसानों के घरों में ही खाद भेज देते है। उन्होंने कहा कि धान की खरीद के समय धान की नमी की जांच के लिए मौके पर सरकारी मशीन के द्वारा नमी जांच की जाए। धान की पराली की गांठे बनाने के लिए सभी गांवों में पर्याप्त मात्रा में बेलर मशीनें उपलब्ध करवाई जाए ताकि किसानों को पराली जलानी पड़े। इसी तरह भारतीय किसान एकता के किसानों ने मार्केट कमेटी प्रागण में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए रोष जताया और कहा कि शैलर संचालकों द्वारा हर वर्ष हाईब्रिड धान की किस्म के नाम पर किसानों से प्रति क्विंटल चार किलोग्राम काट काटी जाती है। इस काट को बंद करवाया जाए। उन्होंने कहा कि कालांवाली में सरकार एजेंसी सीसीआई द्वारा नरमा की खरीद शुरू करवाई जाए।

# पॉयनियर कान्वेंट स्कूल ने क्रिकेट में राज्य स्तर पर जीता रजत पदक



**फतेहाबाद।** विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भिवानी में 23 से 26 सितंबर 2025 तक स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित स्कूली खेलों के अंतर्गत अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में पॉयनियर कान्वेंट स्कूल, फतेहाबाद की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया। टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कुरुक्षेत्र, क्वार्टर फाइनल में जींद और सेमीफाइनल में पानीपत को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला गुरुग्राम के साथ खेला गया, जिसमें खिलाडि़यों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए मैच को रोमांचक बना दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही, प्रिंसिपल गीतिका मेहता, वाइस प्रिंसिपल मैत्री निर्मोही, तनु भाटिया तथा डायरेक्टर निशान्त निर्मोही ने समस्त खिलाडि़यों को बधाई दी।

#### खिलाड़ियों को किया प्रेरित

प्रबंधन ने खिलाडि़यों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। यह सफलता न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे फतेहाबाद जिले के लिए गौरव का विषय है।

## बीएड कॉलेज में 'मासिक धर्म स्वच्छता' पर व्याख्यान, चक्रवर्ती ने दी जानकारियां

**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को 'मासिक धर्म स्वच्छता' विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नैन्सी चक्रवर्ती ने छात्राओं को संबोधित किया। डॉ. चक्रवर्ती ने अपने व्याख्यान में मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों को दूर करने, स्वच्छता अपनाने के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के उपरांत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कई पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम की इंचार्ज डॉ. ज्योति चौधरी रही और कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर गुंजन बजाज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कॉलेज में होते रहने चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी का भी बोध कराना था।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पौधरोपण करती डॉ. नैन्सी चक्रवर्ती व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनोखा संगम, दूर-दूर से पहुंचते श्रद्धालु

# श्रद्धा का प्रतीक बना बैजलपुर का शीतला माता मंदिर



**भूना।** बैजलपुर गांव में माता शीतला मंदिर। *फोटो : हरिभूमि*

- नवरात्रों के अंतिम दिन विशाल भंडारे का किया जाएगा आयोजन, हजारों श्रद्धालु प्रसाद करेंगे ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना।

भूना खंड के गांव बैजलपुर में स्थित गुड़गांव वाली माता शीतला का मंदिर न सिर्फ गांववासियों की आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की भी आस्था का प्रमुख स्थल बन गया है। श्रद्धालुओं का मानना है कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता के दरबार में शीश झुकाता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है और जीवन के कष्ट स्वतः ही दूर हो जाते हैं। मंदिर की नींव 9 मई 1964 को रखी गई थी, लेकिन इसका भव्य स्वरूप वर्ष 2006 में सामने आया जब इसे पूरी तरह संगमरमर के पत्थरों और आधुनिक टाइलों से सजाया गया। वर्तमान में मंदिर का वातावरण इतना शांत और पावन होता है कि श्रद्धालु वहां घंटों ध्यान और पूजा में लीन रहते हैं। मंदिर की देखरेख के लिए ग्रामीणों द्वारा एक कमेटी बनाई गई है, जो वर्षों से मंदिर की व्यवस्थाओं को संभाल रही है। इस कमेटी के प्रधान निहाल सिंह बीते 20 वर्षों से पूरी निष्ठा और सेवा भावना के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं।

#### नौ दिनों तक भजन कीर्तन का आयोजन

नौ दिनों तक महिलाओं द्वारा संगीतमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें गांव की महिलाओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भजन मंडलियां भाग लेती हैं। नवरात्रों के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं और माता की महिमा का गुणगान करते हैं। गांववासी अजीत सिंह झाझडिया, संदीप कुमार नैन, रण सिंह ओला, मुकेश दुआ, रीतु रानी, ईश्वर सिंह ओला, कुलदीप जांगड़ा का कहना है कि इस मंदिर से उन्हें आध्यात्मिक शांति मिलती है। यहां न केवल धार्मिक आयोजन होते हैं, बल्कि यह मंदिर सामाजिक समरसता और एकजुटता का भी प्रतीक बन गया है। श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनोखा संगम देखने के लिए बैजलपुर का शीतला माता मंदिर निश्चित ही एक बार दर्शन योग्य स्थल है।

#### पुजारी फतेह सिंह 2002 से सेवा में

मंदिर के पुजारी फतेह सिंह वर्मा वर्ष 2002 से लगातार माता की सेवा में समर्पित हैं और विधिवत पूजा-अर्चना करवाते हैं। नवरात्रों के दौरान यह मंदिर विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

## स्कूल स्तरीय गतिविधियों का किया आयोजन

फतेहाबाद। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में स्कूल स्तरीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। उन्होंने स्कूल के बच्चों को बताया कि धान की पराली के जलने से कार्बन के अधजले कण निकलते हैं जिससे वातावरण प्रदूषित होता है जो अनेक प्रकार की बीमारियों का कारण बनते हैं। इसके विपरीत धान की पराली को जमीन में दबाने से खेत में कार्बन की प्रतिशतता बढ़ जाती है और परिणाम स्वरूप जमीन की उपजाऊ शक्ति बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों में आग लगाने से जमीन के अंदर उपस्थित अनेक प्रकार के लाभकारी बैक्टीरिया, किट, पतंगे, जीवाणु व केंचुए आदि मर जाते हैं जिसे जमीन की उपजाऊ शक्ति घट जाती है।

**खबर संक्षेप**

### वरिष्ठ नागरिक परिषद मनाएगा अंतरराष्ट्रीय दिवस

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद द्वारा एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक परिषद की प्रधान ईश्वर देवी सेठी व सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन एक अक्टूबर को सेवन स्पाइस होटल, नजदीक जाट धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### समाधान शिविर में आई 21 शिकायतें

**सिरसा।** लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 21 शिकायतें आई। सिरसा में लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में बीडीपीओ सार्थक श्रीवास्तव ने जन शिकायतें सुनी और उपस्थित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। बीडीपीओ सार्थक श्रीवास्तव ने समस्याएं सुनीं।

### भगत धन्ना जट्ट समाज सुधार समिति की बैठक

**रतिया।** भगत धन्ना जट्ट समाज सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह खोखर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संस्था द्वारा किए गए समाज सेवी कार्यों की समीक्षा की गई। भगत धन्ना जट्ट जी के मंदिर की साफ सफाई व लोगों की आस्था के अनुसार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला काबू

**डबवाली।** महिला थाना डबवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है।महिला थाना डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर कमला रानी ने बताया कि पीड़िता के बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### हेरोइन तस्करी प्रकरण में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी प्रकरण में भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। युवक की पहचान अंकित उर्फ गोलू पुत्र प्रदीप निवासी प्रताप नगर, भट्टू कलां के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि 23 फरवरी को गश्त व अपराध पड़ताल के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

## डिजिटल व्यवस्था से तहसीलों में आएगा व्यापक बदलाव

# पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली व निशानदेही से जनता को मिलेगा घर बैठे लाभ: बराला

**राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली व व्हाट्सएप चैटबोट से व्यवस्था में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि राजस्व विभाग की चार सेवाओं का डिजिटलाइजेशन का कार्य व्यापक परिवर्तन लाने का काम करेगा। पेपरलेस रजिस्ट्री, निशानदेही प्रणाली से जनता को मिलेगा घर बैठे लाभ मिलेगा और काम में तत्परता व पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। इसके अलावा राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली व व्हाट्सएप चैटबोट से कार्य में पारदर्शिता के साथ-साथ आमजन को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं काटने होंगे बल्कि घर बैठे ही उन्हें ज्यादातर कार्य करने में मदद मिलेगी। बराला सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग की चार सेवाओं के डिजिटलाइजेशन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के बाबैन में योजना की शुरुआत की और इसका लाइव प्रसारण सिरसा के लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में भी दिखाया गया। इसके अलावा उपमंडल व तहसील रानियां में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त शांतनु शर्मा, एसडीएम राजेंद्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, अमन चोपड़ा, हनुमान कुंडु, रोहताश जांगड़ा, वीरेंद्र तिन्ना, पार्षद सुमन शर्मा, बिमला सिंवर, सुमन सैनी, सागर केहरवाला, गुरदेव सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### डिजिटल निशानदेही से भूमि संबंधी विवादों और पुराने मामलों का निपटारा तेजी से होगा

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कुरूक्षेत्र की बाबैन तहसील से राजस्व विभाग की चार सेवाओं पेपरलैस रजिस्ट्री, निशानदेही, व्हाटसएप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया। प्रदेश स्तरीय इस कार्यक्रम का जिला में फतेहाबाद, रतिया और टोहाना में सीधा प्रसारण किया गया। फतेहाबाद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा नहीं पहुंचे। उन्हें यहां चीफ गेस्ट बनाया गया था। कार्यक्रम में कुछ देर बिजली भी गुल हो गई। शुभारंभ के बाद आज से तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री व निशानदेही का काम शुरू हो जाएगा। फतेहाबाद लघु सचिवालय में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि कागज रहित पंजीकरण प्रक्रिया के लागू होने के बाद नागरिकों को पंजीकरण के लिए कागजात उठाकर घुमने की जरुरत नहीं रहेगी। उन्हें बस ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने जरुरी कागजात को अपलोड करना होगा। आवेदन के बाद संबंधित तहसील उन कागजात की चेकिंग का कार्य तय समय में पूरा करना सुनिश्चित करेगी। यदि किसी प्रकार की कोई कमी सामने आएगी तो तहसील के अधिकारियों द्वारा कमी का हवाला देते हुए आवेदक को अवगत कराया जाएगा।

### रजिस्ट्री के दौरान क्रेता और विक्रेता को तहसील में जाना होगा

बराला ने कहा कि राजस्व विभाग में नई व्यवस्था लागू करने से तहसीलों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। कोई भी व्यक्ति राजस्व संबंधी कार्यों के बारे में व्हाट्सएप चैब बोट से ही पूरी जानकारी हासिल कर सकता है। जमीन की खरीद फरोख्त के दौरान उसे घर बैठे पूरा रिकॉर्ड हासिल हो जाएगा। केवल रजिस्ट्री के दौरान क्रेता और विक्रेता को तहसील में जाना होगा। उन्होंने कहा कि दूसरा बड़ा बदलाव जमीन की पैमाइश को लेकर आएगा। अब तक जरीब से पैमाइश की जाती थी, जिसमें कमियां रहने की शिकायत होती थी, लेकिन अब सारा ऑनलाइन होगा और इससे जमीन की पैमाइश के विवाद कम होंगे। उन्होंने कहा कि जमीन के बंटवारे से संबंधित मामलों में वर्षों लग जाते थे और इनका निपटारा फिर भी नहीं हो पाता, लेकिन नई व्यवस्था में पूरे मामले में मॉनिटरिंग रहेगी और फैसले जल्द आए इसके लिए हर केस की समीक्षा डिजिटल रूप से होगी। उन्होंने कहा कि शासन का असली अर्थ जनता की सेवा करने से है।

**नेताओं व अधिकारियों ने किया श्रमदान**

## टोहाना और रतिया में भी कार्यक्रम आयोजित



फतेहाबाद। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान करते अतिथिगण व अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना/रतिया

जिले के उपमंडल रतिया व टोहाना में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। टोहाना के लघु सचिवालय में आयोजित उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली के प्रतिनिधि के तौर पर नगर परिषद टोहाना के चेयरमैन नरेश बंसल और एसडीएम आकाश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली से नागरिकों को घर बैठे ही पारदर्शी व तेज सेवाएं उपलब्ध होंगी। डिजिटल निशानदेही के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों और पुराने मामलों का निपटारा पहले की अपेक्षा अधिक गति से होगा। नई प्रणाली से समय, श्रम और संसाधनों की बचत होगी। प्रक्रिया में पारदर्शिता आने से भ्रष्टाचार की संभावनाएं समाप्त होंगी। रतिया में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण का आयोजन किया गया। रतिया उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि राजस्व विभाग की चार नई पहलों व प्रदेश सरकार ने लोगों की सहूलियत के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की है, इसके तहत आम लोगों को बार-बार राजस्व कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे बल्कि ऑनलाइन ही घर बैठे जमीन और घर की रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं।



फतेहाबाद। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौपते अतिथिगण व अधिकारीगण।

## सीडीएलयू में तीन दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम हुआ संपन्न



सिरसा। अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- मानवीय मूल्यों को लेकर छात्रों को किया जागरूक

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में विश्वविद्यालय के यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज सेल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि राजकीय नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरजिंद्र सिंह थे। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि मानव जीवन की सार्थकता तभी है जब हम अपने अंदर मानवीय मूल्यों का विकास करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक और भौतिक संसाधनों की भरमार होने के बावजूद व्यक्ति के भीतर का संतुलन बिगड़ रहा है, जिसे केवल आत्मचिंतन, नैतिक आचरण और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही पुनर्स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास की दिशा में कार्य करना भी है। यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज की आज सबसे बड़ी जरूरत है।

## जेएनवी में प्रतीक्षालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**नई अभिभावक-अध्यापक परिषद का हुआ गठन**

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में अभिभावक-शिक्षक परिषद् की सामान्य निकाय बैठक आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ उपप्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने आए हुए समस्त अभिभावकों का स्वागत किया और परिषद् के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा विद्यालय-अभिभावक सहयोग की महत्ता स्पष्ट की। तत्पश्चात सबसे वरिष्ठ अभिभावक के करकमलों से अभिभावकों के बैठने के लिए नव-निर्मित प्रतीक्षालय का रिबन काटकर उद्घाटन हुआ। इसमें अभिभावकों हेतु बैठने, प्रतीक्षा एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सत्र 2025-26 हेतु अभिभावक-अध्यापक परिषद् की नई कार्यकारी निकाय गठित की गई जिसमें फतेहाबाद जिले के सभी छह खंडों से प्रतिनिधियों का चयन हुआ। परिषद् सर्वसम्मति से विद्यालय के साथ समन्वित रूप में कार्य करने को प्रतिबद्ध रही।बैठक के दौरान टीजीटी (हिंदी) प्रहलाद सिंह ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों के अभिभावकों, विशेषकर माताओं एवं दादा-दादियों से अनुरोध किया कि वे बच्चों को नए वातावरण में रचने-बसने का समय दें और बार-बार बुलाने या बातचीत की आवृत्ति को सीमित रखें। अंत में अभिभावकों ने विद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था पर विस्तृत प्रकाश डाला।



फतेहाबाद। पीएम श्री स्कूल जेएनवी खारा खेड़ी में नवनिर्मित प्रतीक्षालय का उद्घाटन करते अभिभावकगण।

### स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

*प्राचार्य अनूप सिंह ने अभिभावकों का अभिनन्दन करते हुए विद्यालय की प्रगति का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और वर्तमान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-2025 में विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में उल्लेखनीय परिणाम रहा। जयपुर संभाग जिसमें तीन राज्य हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान आते हैं उसमें विद्यालय प्रथम रहा।*

## पराली को लेकर एसडीएम ने किसान संगठनों से की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

**धान के अवशेष ना जलाने बारे किसानों को किया जाए जागरूक**

धान अवशेष प्रबंधन को लेकर सोमवार को किसान रेस्ट हाउस में कृषि विभाग के एडीओ, ग्राम सचिव, पटवारी सहित किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि टोहाना उपमंडल में किसी भी सूरत में पराली जलाने की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। एसडीएम ने कहा कि किसान धान की पराली को न जलाएं और उसका सही तरीके से प्रबंधन करें। पराली जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है, मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। सरकार किसानों को पराली प्रबंधन के उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ जागरूकता अभियानों के माध्यम से लगातार प्रेरित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव-गांव जाकर किसानों को पराली प्रबंधन पर जागरूक करें।

### सख्त कार्रवाई करेंगे

एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक करना है। लेकिन अगर नियमों का उल्लंघन होता है तो सख्त कार्रवाई करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ लें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। बैठक में डीएसपी उमेद सिंह, तहसीलदार सन्नी दलाल, नायब तहसीलदार अंजू, कृषि विभाग के एसडीओ मुकेश मेहला, एसईपीओ माया गोदारा सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### मोचीवाली में 1 अक्टूबर की रात्रि को होगी न्यू मीडियम शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**भूना।** गांव मोचीवाली में दूसरी न्यू मीडियम शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर को सरकारी स्कूल के खेल मैदान में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सायं 4 बजे से शुरू होकर पूरी रात तक चलेगी। बिजली की रोशनी में खेले जाने वाले रोमांचक मुकाबलों में हरियाणा और पंजाब की करीब 60 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजक कमल सिंह व नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक धुरंधर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 11,000 रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी, उपविजेता को 7,100 रुपए और ट्रॉफी तथा तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीमों को 2,100-2,100 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि खेल प्रेमियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। वहीं ग्रामीण कृष्ण कुमार बेनीवाल ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए जलपान और भोजन की विशेष व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। गांव मोचीवाली में इस तरह का आयोजन दूसरी बार हो रहा है और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से यह प्रतियोगिता क्षेत्र में एक मिसाल बनती जा रही है।

### श्री नीलकंठ ट्रस्ट 4 को ले जाएगा लावारिस अस्थियों को हरिद्वार

**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट, सिरसा, की एक महत्वपूर्ण बैठक भादरा बाज़ार स्थित ट्रस्ट के कार्यालय में हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट 4 अक्टूबर को लावारिस अस्थियों को एकत्रित कर हरिद्वार ले जाया जाएगा, जहां उन्हें पूर्ण विधिविधान के साथ श्री गंगा में विसर्जित किया जाएगा। सचिव जनक दाबड़ा ने बताया कि ट्रस्ट लंबे समय से लावारिस मृतकों की अस्थियों को सम्मानजनक अंतिम विदाई देने का यह पुनीत कार्य करता आ रहा है। यह विसर्जन यात्रा भी इसी सेवा भावना का एक हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट हर साल दोनों शिवरात्रियों पर विशाल भंडारा लगाता है। बैठक में शुभकरण रातुसरिया, बिशंबर खुंगर, सुरेंद्र बब्बर, वीणा मुंजाल, अशोक सलूजा, मनोज सोनी, नरेश बब्बर मौजूद थे।

## फोर्टिस के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. महतानी की नियमित सेवाएं अब सद्भावना मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में



फतेहाबाद। डॉ. शुभम महतानी का स्वागत करते डॉ. अंशुल सहगल व अन्य

**फतेहाबाद।** हुडा सैक्टर स्थित सद्भावना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, फतेहाबाद में आधुनिक सर्जरी सुविधाओं को और सशक्त बनाने हेतु डॉ. शुभम महतानी ने फुल-टाइम जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन के रूप में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। डॉ. महतानी पूर्व में फोर्टिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सेवाएं दे चुके हैं तथा महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में असिस्टेंट प्रोफेसर भी रह चुके हैं। अब वे सद्भावना अस्पताल में अपनी विशेषज्ञता के साथ मरीजों को आधुनिक और सुरक्षित सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराएँगे। इसके साथ ही, सद्भावना अस्पताल में डॉ. अंकित छाबड़ा, फुल-टाइम एनेस्थेटिक के रूप में उपलब्ध हैं। इस अवसर पर अस्पताल की पूरी टीम ने फूलों का बुके देकर डॉ. शुभम महतानी का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. अंशुल सहगल मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. गीता चौधरी, डॉ. अंकित छाबड़ा, डॉ. मनोज, डॉ. स्नेहा जग्गा , डॉ. आलिशा मेहता, अनिल नारंग एवं आर्चित आहूजा उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 4 अक्टूबर को

**सिरसा।** श्री बिश्नोई सभा सिरसा द्वारा बिश्नोई धर्मशाला, सिरसा में आगामी 4 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नेत्र जांच व ऑप्रेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा के सचिव ओपी बिश्नोई ने बताया कि बिश्नोई सभा, सिरसा के प्रधान खेमचंद बेनीवाल की अध्यक्षता में निःशुल्क नेत्र जांच व ऑप्रेशन कैंप लगाया जाएगा जिसमें एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के पूर्व नेत्र चिकित्सक डॉ. बलराम जलंधरा मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें उपचार के साथ-साथ उचित परामर्श देंगे। जांच में मोतियाबिंद से ग्रस्त पाए जाने वाले मरीजों का ऑप्रेशन सभा द्वारा निःशुल्क फीको मशीन द्वारा बिना मशीन व बिना टांके के सफेद मोतिया का लैंस वाला ऑप्रेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में जरूरत के हिसाब से मरीजों को निःशुल्क दवाएं व चश्मे भी दिए जाएंगे। सभा के उपप्रधान व कैंप प्रभारी कृष्णपाल बेनीवाल ने बताया कि इस शिविर में कोई भी व्यक्ति आकर अपनी आंखों की जांच करवा सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

**धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती, शहर में निकली यात्रा**

## समारोह में जिले मेधावी विद्यार्थियों व बुजुर्गों को किया सम्मानित

**अग्रवाल धर्मशाला में प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। शहर में भव्य शोभा यात्रा निकालते अग्रवाल समाज के सदस्यगण।

अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा महाराजा अग्रसैन जयंती जयंती धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल धर्मशाला में प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसैन जी की प्रतिमा पर तिलक और माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गंगा गुरप गुडगांव के चेयरमैन अशोक गर्ग, डायरेक्टर प्रवीन गर्ग, फतेहाबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति अजय जिंदल ने शिरकत ने भाग लिया। अजय जिंदल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई। अतिथियों ने अग्रवाल धर्मशाला से इस शोभा यात्रा को रवाना किया। शोभा यात्रा में महाराजा अग्रसैन, मां महालक्ष्मी और राम दरबार की झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही।

अग्रवाल धर्मशाला से चलकर शोभा यात्रा महाराजा अग्रसैन चौक पहुंची जहां महाराजा अग्रसैन प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और महाराजा अग्रसैन द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शोभा यात्रा को लेकर शहर में 18 गौत्रों के तोरण द्वार गोयल, श्री श्याम ऑटो इंडस्ट्रीज फतेहाबाद से सतीश कुमार मित्तल व नत्थूराम जिंदल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे महाप्रबंधक संजय जैन, प्रेस प्रवक्ता मुकेश बंसल व सचिव ललित गोयल ने अग्रवाल समाज फतेहाबाद के गतिविधियों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। समाज फतेहाबाद द्वारा 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को शाल ओढाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों और शिक्षा के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

### समारोह में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के उपप्रधान सुरेश बंसल, सहसचिव नितिन मोदी, कैशियर दलीप गोयल, मार्गदर्शक मंडल से भारत भूषण गर्ग, राजेन्द्र मोदी, सुखदेव बंसल कालापीला, सुरेन्द्र मित्तल, सुनील गर्ग, विनोद बंसल, पूर्णचंद सिंगला, निरंजन ऐरन, राजेश जैन, बद्रीप्रसाद गर्ग, मदनलाल गर्ग, दिनेश बंसल, तरूण गोयल, अग्रवाल समाज फतेहाबाद के वरिष्ठ उपप्रधान प्रयास गर्ग, उपप्रधान देसराज बंसल, सहसचिव पीताम्बर सिंगला, उप सचिव सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष अमित बंसल, कानूनी सलाहाकार विकास बंसल सहित अग्रवाल समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।